Regarding establishing of a medical college

श्री राम शिरोमणि वर्मा (श्रावस्ती) : सभापति महोदय, मेरा आपके माध्यम से माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी से आग्रह है कि मेरे संसदीय क्षेत्र के श्रावस्ती जनपद में अभी तक कोई मेडिकल कॉलेज नहीं है । आजादी के 78 वर्षों के बाद भी श्रावस्ती जनपद की जनता मेडिकल की बुनियादी सुविधाओं से अभी तक वंचित है । उन्हें अभी तक मेडिकल की कोई विशेष सुविधा नहीं मिल पा रही है । श्रावस्ती जनपद एक आकांक्षी जनपद की श्रेणी में आता है । मैं आपके माध्यम से मांग करता हूं कि इस पिछड़े हुए जनपद में मेडिकल कॉलेज बनाने का आदेश देना चाहिए ।